**भारत सरकार**
**पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या** 3384
**बुधवार**, 9 **अगस्त**, 2023 **को उत्तर दिए जाने के लिए**

## भूकंपीय अनुसंधान परियोजनाएं

†3384. **श्री अनुमुला रेवंत रेड्डी** :

क्या **पृथ्वी विज्ञान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास भूकंपीय अनुसंधान परियोजनाओं के निष्कर्षों और सिफारिशों को नीति निर्माताओं, आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों, सिविल सोसाइटी संगठनों, मीडिया आदि जैसे संबंधित हितधारकों तक पहुंचाने के लिए कोई तंत्र है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस प्रकार के प्रसार की आवृत्ति और तरीका क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो क्या सरकार ऐसा तंत्र बनाए जाने को महत्वपूर्ण या उपयोगी मानती है और क्या भविष्य में ऐसा करने का विचार है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**पृथ्वी विज्ञान मंत्री**
**(श्री किरेन रिजिजू)**

(क) से (घ) जी हां। आवश्यकता आधारित भूकंप अनुसंधान परियोजनाओं के निष्कर्ष, अनुशंसाएं, तथा रिपोर्ट सभी सुसंगत हितधारकों यथा नीति-निर्माताओं, आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों, नागरिक समाज संगठनों, मीडिया आदि के साथ साझा की जाती हैं।

*****